भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण
INSURANCE REGULATORY AND DEVELOPMENT AUTHORITY OF INDIA

Title:प्रेस-विज्ञप्ति

Reference No.:-- **Date:**26/05/2015

बीमा विपणन फर्म के लिए पंजीकरण माडयूल का लाँच होना

भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीए) ने, बीमा क्षेत्र में नये वितरण चैनल के रूप में इन्शुरन्स मार्केटिंग फर्म (आईएमएफ) का प्रवेश कराते हुए जनवरी 2015 में आईआरडीएआई बीमा मार्केटिंग का पंजीकरण, 2015 अधिसूचित किया। आईएमएफ, बीमा उत्पाद आमंत्रित करने या प्राप्त करने, बीमा सेवा गतिविधियाँ शुरू करने और अन्य वित्तीय उत्पाद के विपणन, वितरण और सेवा प्रदान करने के लिए लाइसेंस प्राप्त व्यक्तियों को नियुक्त करके विनियमों में निर्धारित अन्य वित्तीय उत्पादों का वितरण करने के लिए भी, आईआरडीएआई द्वारा पंजीकृत एक संस्था है। आवेदनकर्ताओं को ऑन लाइन आधार पर पंजीकरण के लिए आवेदन करने की सुविधा प्रदान करने और पंजीकरण जारी करने हेतु आवेदन की जाँच करने के लिए आईआरडीएआई ने http//imf.irda.gov.in पर स्थित एक एप्लीकेशन विकसित किया है।

यह एप्लीकेशन श्री टी.एस. विजयन, अध्यक्ष आईआरडीएआई द्वारा आज अर्थात् 26 मई, 2015 को लाँच किया गया। उपयोग में सरल इस एप्लीकेशन की कई विशेषताएँ हैं, जैसे उपयोगकर्ता के रूप में पंजीकरण, आरओसी के पास पंजीकरण के उद्देश्य से एनओसी के लिए अनुरोध, आवेदन जमा करना, विवरण जमा करना, आवेदन को संसाधित करना, पंजीकरण प्रमाण-पत्र जारी करना इत्यादि। उपयोगकर्ता अपने आवेदन की स्थिति देख सकते हैं और इस मॉड्यूल के माध्यम से पूछताछ कर सकते हैं। उपयोगकर्ता मार्ग दर्शन भी प्राप्त कर सकते हैं और उसको इस्तेमाल करने के संबंध में एक बटन क्लिक करके मदद भी प्राप्त कर सकते हैं। इस एप्लीकेशन तक ऊपर दिये गये लिंक से पहुँचा जा सकता है।
इस मॉडयूल से मानवीय हस्तक्षेप को कम से कम करने और भावी आईएमएफ को पंजीकरण प्रमाण-पत्र जारी करने के लिए कुल समय में काफी हद तक कमी करने की उम्मीद की जाती है। इसकी मदद से बीमा कराने वालों को कम लागत में बीमा उत्पादों के वितरण को गति देने में मदद मिलने की उम्मीद है। आईआरडीएआई इस एप्लीकेशन को विकसित करने में मेसर्स कार्वी, हैदराबाद के योगदान के प्रति आभारी है।